दिन– रविवार | दिनांक– 29 / 12 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। | अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत के संविधान की सराहना करते हुए कहा– यह राष्ट्र का मार्गदर्शक है, जो समय की हर कसौटी पर खरा उतरा है।

02. मन की बात कार्यक्रम में श्री मोदी ने लोगों से अगले महीने महाकुंभ में भाग लेते हुए एकता की भावना अपनाने और समाज में विभाजन तथा नफरत को खत्म करने का आग्रह किया।

03. पूर्व आईपीएस अधिकारी और महावीर मंदिर ट्रस्ट के सचिव आचार्य किशोर कुणाल का चौहत्तर वर्ष की आयु में निधन। राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने जताया शोक।

04. और, बीपीएससी की सत्तरवीं राज्य सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा फिर से कराने की मांग को लेकर कई परीक्षार्थी पटना में विरोध प्रदर्शन कर रहे है।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि संविधान हमारे लिए मार्गदर्शक है और यह बड़े गर्व की बात है कि भारतीय संविधान के अगले वर्ष 26 जनवरी को 75 वर्ष पूरे हो रहे हैं। आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में राष्ट्र को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि संविधान समय की हर कसौटी पर खरा उतरा है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष संविधान दिवस के अवसर पर कई गतिविधियां शुरू हुई हैं जो पूरे वर्ष चलती रहेंगी। श्री मोदी ने कहा कि संविधान की विरासत से नागरिकों को जोड़ने के लिए कॉन्स्टीच्यूशन सेवन फाईव डॉट कॉम के नाम से एक विशेष वेबसाइट बनाई गई है। उन्होंने मन की बात के श्रोताओं, बच्चों और युवाओं से इस वेबसाइट को देखने का अनुरोध किया।

–––बाईट–––

इसमें आप संविधान की प्रस्तावना पढ़ कर अपना वीडियो अपलोड कर सकते हैं। अलग–अलग भाषाओं में संविधान पढ़ सकते हैं। संविधान के बारे में प्रश्न भी पूछ सकते हैं। मन की बात के श्रोताओं से स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों से कॉलेज में जाने वाली युवाओं से, मेरा आग्रह है, इस वेबसाइट पर जरूर जाकर देखें, इसका हिस्सा बने।

श्री मोदी ने कहा कि अगले वर्ष 13 जनवरी से प्रयागराज में महाकुंभ होने जा रहा है और इसके लिए संगम तट पर जोरशोर से तैयारियां चल रही हैं। प्रधानमंत्री ने इस बात पर गर्व व्यक्त किया कि महाकुंभ की विशेषता केवल इसकी विशालता में नहीं

है बल्कि इसकी विविधता में भी है। उन्होंने कहा कि कुंभ एकता का महाकुंभ भी है। श्री मोदी ने लोगों से महाकुंभ में भाग लेकर एकता के संकल्प को मजबूत करने का अनुरोध किया। उन्होंने लोगों से समाज में विभाजन और विद्वेष की भावना को समाप्त करने का संकल्प लेने का भी आह्वान किया। महाकुंभ का संदेश, एक हो पूरा देश का नारा देते हुए उन्होंने गंगा के निर्बाध प्रवाह की तरह अविभाजित समाज की उम्मीद भी व्यक्त की।

———बाईट———

अगर कम शब्दों में मुझे कहना है, तो मैं कहूंगा महाकुंभ का संदेश एक हो पूरा देश और अगर दूसरे तरीके से कहना है, तो मैं कहूंगा गंगा की अविरल धारा न बटे समाज हमारा, गंगा की अविरल धारा न बटे समाज हमारा। साथियों इस बार प्रयागराज में देश और दुनिया के श्रद्धालु डिजिटल महाकुंभ के भी साक्षी बनेंगे।

एनीमेशन को लेकर श्री मोदी ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि कृष, तृष और बाल्टीबॉय, केटीबी, बच्चों में एक सुपरहिट एनीमेशन सीरीज है जिसका दूसरा सीजन बड़े ही खास अंदाज में गोवा में अंतर्राष्ट्रीय भारतीय फिल्म महोत्सव में शुरू हुआ था। इसे दूरदर्शन के साथ–साथ अन्य ओटीटी प्लेटफॉर्म पर देखा जा सकता है। आकाशवाणी से इस सीरीज का प्रसारण प्रत्येक रविवार को दिन में साढ़े दस बजे किया जाता है।

———बाईट———

हाल ही में इसका सीजन 2 बड़े ही खास अंदाज में इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया गोवा में लॉन्च हुआ। सबसे शानदार बात यह है कि सीरीज न सिर्फ भारत की कई भाषाओं में बल्कि विदेशी भाषाओं में भी प्रसारित होती है। इसे दूरदर्शन के साथ–साथ अन्य ओटीटी प्लेटफॉर्म पर भी देखा जा सकता है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारतीय एनीमेशन फिल्मों, रेगुलर फिल्मों और टीवी सीरियल्स की लोकप्रियता दिखाती है कि भारत की क्रिएटिव इंडस्ट्री में कितनी क्षमता है। श्री मोदी ने फिल्म और मनोरंजन की दुनिया को बधाई दी क्योंकि उसने एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना को सशक्त किया है।

———बाईट———

हमारी फिल्म एंड एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री बहुत विशाल है। देश की कितनी ही भाषाओं में फिल्में बनती हैं, क्रिएटिव कंटेंट बनता है। मैं अपनी फिल्म और एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री को इसलिए भी बधाई देता हूं क्योंकि उसने एक भारत श्रेष्ठ भारत के भाव को सशक्त किया है।

प्रधानमंत्री ने इस बात पर संतोष व्यक्त किया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2015 से 2023 के दौरान भारत में मलेरिया के मामलों और इसके कारण हुई मौतों में अस्सी प्रतिशत तक की कमी आई है। श्री मोदी ने मलेरिया को नियंत्रित करने के लिए हरियाणा के कुरूक्षेत्र जिले के मॉडल की भी सराहना की। कुरूक्षेत्र में मलेरिया की निगरानी के लिए लोगों की भागीदारी बहुत सफल रही।

———बाईट———

भारत में मलेरिया के मामलों और इससे होने वाली मौतों में 80 प्रतिशत की कमी आई है। यह कोई छोटी उपलब्धि नहीं है। मलेरिया की मॉनिटरिंग के लिए जन भागीदारी काफी सफल रही नुक्कड़ नाटक और रेडियो के जरिए ऐसे संदेशों पर जोर दिया गया जिससे मच्छरों की ब्रीडिंग कम करने में काफी मदद मिली है।

प्रधानमंत्री ने विश्व की प्रसिद्ध चिकित्सा पत्रिका लेंसेट का अध्ययन भी साझा किया जिसके अनुसार भारत में कैंसर का उपचार समय पर शुरू करने की संभावना काफी बढ गई है। उन्होंने कहा कि समय पर उपचार शुरू करने का अर्थ है, तीस दिन के भीतर कैंसर रोगी का उपचार शुरू होना और आयुष्मान भारत योजना ने इसमें बडी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस योजना के कारण नब्बे प्रतिशत कैंसर रोगियों का उपचार समय पर शुरू हो सका है।

———बाईट———

————————————————————————————————

भारतीय पुलिस सेवा के पूर्व अधिकारी और महावीर मंदिर ट्रस्ट, पटना के सचिव आचार्य किशोर कुणाल का आज दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वे चौहत्तर वर्ष के थे। धर्म को मानवता और परमार्थ से जोड़ने के पैरोकार किशोर कुणाल ने धार्मिक ट्रस्ट के माध्यम से महावीर कैंसर संस्थान, महावीर वात्सल्य अस्पताल सहित कई अस्पतालों के संचालन की शुरूआत की थी। समाचार कक्ष की ओर से एक श्रद्धांजलि—

———बाईट———

मुजफ्फरपुर जिले के एक छोटे से कस्बे में दस अगस्त उन्नीस सौ पचास में जन्मे किशोर कुणाल उन्नीस सौ बहत्तर में भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी बने। अध्यात्म से जुड़ने और धार्मिक प्रवृत्ति के कारण उन्होंने दो हजार इक्कीस में स्वैच्छिक सेवा निवृत्ति ले ली। उन्होंने बिहार राज्य धार्मिक ट्रस्ट का प्रशासक रहते हुए मंदिरों के संचालन में कई बड़े सुधार किये। आचार्य किशोर कुणाल ने महावीर मंदिर पटना सहित ट्रस्ट के कई मंदिरों में अनुसूचित जाति के पुजारियों को नियुक्त कर सामाजिक समरसता का संदेश दिया। वे केन्द्र में विश्वनाथ प्रताप सिंह के कार्यकाल में अयोध्या के बाबरी मस्जिद विवाद में सरकार की ओर से वार्ताकार की भूमिका में रहे। संस्कृत के प्रकांड विद्वान किशोर कुणाल ने कई पुस्तकों की रचना की और वे दरभंगा के महाराजा कामेश्वर सिंह संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति भी रहे। समाचार कक्ष से कल्पना झा।

राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने किशोर कुणाल के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया। श्री आर्लेकर ने पटना स्थित उनके आवास जाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित

की। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौघरी, विजय कुमार सिन्हा, राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव, समेत अनेक गणमान्य लोगों ने आचार्य कुणाल के निधन पर दुख व्यक्त किया है।

———————————————————————————

केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि आचार्य किशोर कुणाल सनातन विचारों के वाहक थे। उनके निधन से एक बड़ा शून्य बन गया है।

———बाईट———

उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि आचार्य कुणाल ने जीवन पर्यंत मानवता की सेवा की।

———बाईट———

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने आचार्य किशोर कुणाल के निधन को अपूरणीय क्षति बताया है। उन्होंने कहा कि एक महान विचारक आज हमारे बीच से विदा हो गया।

———बाईट———

जदयू प्रवक्ता और विधान पार्षद नीरज कुमार ने कहा कि आचार्य किशोर कुणाल ने मानव धर्म का पालन किया और गरीब, वंचित तथा बीमारों की सच्चे दिल से सेवा की।

———बाईट———

———————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज नई दिल्ली में पूर्व प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह के आवास जाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। श्री कुमार ने पूर्व प्रधानमंत्री की पत्नी और परिजनों से मुलाकात की और उन्हें सांत्वना दी।

———————————————————————————

बिहार लोक सेवा आयोग की सत्तरवीं संयुक्त प्रारंभिक परीक्षा रद्द किए जाने की मांग को लेकर उम्मीदवारों का धरना प्रदर्शन जारी है। अभ्यर्थियों ने आज प्रशासन की अनुमति नहीं होने के बावजूद पटना के गांधी मैदान में बैठक की और पुनर्परीक्षा कराने की मांग को लेकर जोरदार प्रर्दशन किया। बाद में जनसुराज के नेता प्रशांत

किशोर के नेतृत्व में अभ्यर्थियों ने रोषपूर्ण मार्च निकाला। विरोध प्रदर्शन के कारण गांधी मैदान से डाकबंगला तक भीषण ट्रैफिक जाम की स्थिति बनी हुई है। प्रदर्शनकारी मुख्यमंत्री निवास पर विरोध प्रदर्शन का प्रयास कर रहे हैं। पुलिस ने जे.पी. गोलम्बर के पास घेराबंदी कर प्रदर्शनकारियों को रोक दिया है। इस दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारिया के बीच मामूली झड़प भी हुई।

---

अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला संघ–ऐपवा की बिहार इकाई की राज्य परिषद की दो दिवसीय बैठक आज से समस्तीपुर में शुरू हो गई। संघ की राष्ट्रीय महासचिव मीना तिवारी ने कहा कि प्रदेश सरकार महिला उत्पीड़न पर रोक लगाने में विफल है।

---

कैमूर प्रशासन नववर्ष के अवसर पर जिले में शराबबंदी पूरी तरह से लागू करने को लेकर सक्रिय है। इसी मुद्दे पर जिलाधिकारी सावन कुमार ने सीमावर्ती क्षेत्रों उत्तरप्रदेश के चंदौली, गाजीपुर और सोनभद्र जिले के डीएम और एसपी के साथ बैठक की।

---

सुपौल जिले में एसएसबी की टीम ने सीमा क्षेत्र में छापेमारी के दौरान नेपाल से लाये जा रहे लगभग बीस किलो गांजा बरामद किया है। टीम ने वीरपुर थाने को बरामद गांजा सौंप दिया है।

---

जहानाबाद जिले में खेल विभाग और शिक्षा विभाग द्वारा प्रतिभावान खिलाड़ियों चयन के लिए मशान दो हजार चौबीस का आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए पांच जनवरी तक संकुल स्थल पर प्रतिभागियों का निबंधन किया जायेगा।

———————————————————————————

अररिया जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में अभियान चलाकर पुलिस ने चौबीस फरार और वांछित अपराधियों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत के संविधान की सराहना करते हुए कहा– यह राष्ट्र का मार्गदर्शक है, जो समय की हर कसौटी पर खरा उतरा है।

02. मन की बात कार्यक्रम में श्री मोदी ने लोगों से अगले महीने महाकुंभ में भाग लेते हुए एकता की भावना अपनाने और समाज में विभाजन तथा नफरत को खत्म करने का आग्रह किया।

03. पूर्व आईपीएस अधिकारी और महावीर मंदिर ट्रस्ट के सचिव आचार्य किशोर कुणाल का चौहत्तर वर्ष की आयु में निधन। राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने जताया शोक।

04. और, बीपीएससी की सत्तरवीं राज्य सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा फिर से कराने की मांग को लेकर कई परीक्षार्थी पटना में विरोध प्रदर्शन कर रहे है।

———————————————————————————

समाप्त